Daily Current Affairs 05 December 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. देश के 3 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों से शुरू की गई
• डिजी यात्रा सुविधा नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने आज नई दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे - आईजीआई पर डिजी यात्रा सुविधा का उद्घाटन किया। ये सुविधा दिल्ली, बेंगलुरु और वाराणसी हवाई अड्डों पर शुरू कर दी गई है। डिजी यात्रा के अंतर्गत हवाई अड्डों पर यात्रियों की शिनाख्त चेहरे की पहचान तकनीक के आधार की जाएगी।

2. भारत, वास्सेनार व्यवस्था की संभालेगा अध्यक्षता भारत, वास्सेनार व्यवस्था की
• 1 दिसंबर 2022 से अगले एक वर्ष तक अध्यक्षता संभालेगा वास्सेनार व्यवस्था बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण प्रशासन है जिसमें सदस्य देश पारम्परिक हथियारों के हस्तांतरण जैसे विभिन्न मुद्दों पर सूचना का आदान-प्रदान करते हैं।भारत को 7 दिसम्बर 2017 के दिन वास्सेनार व्यवस्था का 42वें सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। भारत के निर्यात नियंत्रण प्रशासन में प्रवेश से परमाणु अप्रसार क्षेत्र में हमारे देश की साख बढेगी, हालांकि भारत परमाणु अप्रसार संधि एन पी टी का सदस्य नहीं है।

3. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने इतिहास में तीसरी बार गठित की गई
• महिला पीठ सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ द्वारा वैवाहिक और जमानत के मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 2 दिसंबर 2022 को न्यायमूर्ति हिमा कोहली व न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी वाली महिला जजों की तीसरी बार पीठ गठित की पहली बार वर्ष 2013 में न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा व न्यायमूर्ति रंजना प्रसाद देसाई की पीठ तथा दूसरी बार वर्ष 2018 में न्यायमूर्ति आर. भानुमती व न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी की महिला पीठ का गठन किया गया ।

4. भारत और सिंगापुर की नौसेनाओं के बीच हुआ अग्नि वारियर (अग्नि योद्धा) द्विपक्षीय अभ्यास
• सिंगापुर नौसेना एवं भारतीय नौसेना के बीच द्विपक्षीय अभ्यास अग्नि वारियर का 12वां संस्करण, 13 से 30 नवंबर, 2022 तक फील्ड फायरिंग रेंज, देवलाली (महाराष्ट्र) में आयोजित किया गया यह अभ्यास अग्नि योद्धा के अंतर्गत दोनों देशों के सैन्य बलों ने संयुक्त रूप से फ़ायरपावर का प्रदर्शन एवं निष्पादन किया गया और इस अभ्यास में दोनों सेनाओं की आर्टिलरी शाखा द्वारा नई पीढ़ी के उपकरणों का उपयोग किया गया है।

5. श्री रविशंकर को 'द एमिसरी ऑफ पीस' अमेरिकी पुरस्कार से किया गया सम्मानित
• अमेरिकी शहर में राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय में बोर्ड की निदेशक शैला करकेरा ने भारतीय आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर को 'द एमिसरी ऑफ पीस' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार प्रदान करने के समय शैला करकेरा के साथ राष्ट्रीय नागरिक अधिकार संग्रहालय में बोर्ड के अध्यक्ष हर्ब हिलियर्ड भी शामिल थे।

6. मैत्री दौरे पर वियतनाम जा रहा भारत का नौसैनिक बेड़ा
• भारत का नौसैनिक बेड़ा, मैत्री दौरे पर वियतनाम के हो चि मिन्ह शहर जा रहा है। दक्षिण चीन समुद्र में तैनात भारतीय नौसैनिक पोत शिवालिक और कमोरटा वियतनाम के दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान भारतीय पोत वियतनाम की नौसेना के साथ अनेक व्यावसायिक संपर्क की गतिविधियों में भाग लेंगे। भारतीय अधिकारी और नाविक अनेक मैत्री गतिविधियों में भी हिस्सा लेंगे। भारतीय नौसैनिक पोतों का यह दौरा दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान बढ़ाने, मैत्री प्रगाढ़ करने और रक्षा सहयोग के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह दौरा भारत और वियतनाम के बीच कूटनीतिक सम्बन्धों की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित किया गया है।

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 05 December 2022

7. रूस में एक जमी हुई झील के नीचे से खोजा गया 48,500 वर्ष पुराने 'जोम्बी वायरस'
• यूरोपीय शोधकर्त्ताओं द्वारा रूस में एक जमी हुई झील के नीचे से 48,500 वर्ष पुराने 'जोम्बी वायरस' के पुनर्जीवित होने और उसके संक्रमण से होने वाली महामारी की संभावना पर चिंता जताई गई है। शोधकर्त्ताओं ने चेतावनी दी कि आर्कटिक में स्थायी रूप से स्थाई तुषार भूमि (पर्माफ्रॉस्ट) का जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण पिघलना एक नया सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरा पैदा कर सकता है।

8. चेन्नई में कमीशन किया गया एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) एमके-III
• भारत की समुद्री सीमा की निगरानी को मजबूत करने के लिए इंडियन कोस्टल गार्ड को नया हथियार मिला है। 30 नवंबर, 2022 को एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) Mk-III स्कवॉड्रन कोस्टल गार्ड में आईसीजी एयर स्टेशन, चेन्नई में कमीशन किया है। हेलीकॉप्टर के एक स्क्वाड्रन को चेन्नई में समारोह के दौरान कोस्टल गार्ड में कमिशन किया गया। Mk-III हेलीकॉप्टर की मदद से तमिलनाडु से लेकर आध्र प्रदेश तक सामरिक और आर्थिक रूप से अहम ठिकानों की सुरक्षा की जाएगी।

9. प्रसिद्ध गीतकार, कवि व लेखक प्रसून जोशी बने उत्तराखंड राज्य के ब्रांड एंबेसडर
• प्रसिद्ध गीतकार, कवि, लेखक और सेंसर बोर्ड के चेयरमैन प्रसून जोशी को उत्तराखंड की धामी सरकार ने राज्य की सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया है। उत्तराखंड सरकार ने प्रसून जोशी को 'उत्तराखंड गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया था।

10. असम के बराक घाटी में शुरू हुआ पहला सिलहट-सिलचर महोत्सव 2 दिसंबर 2022
• भारत और बांग्लादेश के पड़ोसी क्षेत्रों के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंधों का जश्न मनाने के लिए पहला सिलहट-सिलचर महोत्सव – 2022 को असम की बराक घाटी मनाया जा रहा है। केन्द्रीय पर्यटन, संस्कृति और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी और बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ. ए. के. अब्दुल मोमेन इसका उद्घाटन करेंगे।

Resultuniraj.co.in